पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम

# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

## कक्षा : छठी

## पाठ्यक्रम : दिसम्बर-20 से फरवरी-21

## पाठ : गुरुपर्व

1.सिक्ख धर्म के प्रथम गुरु कौन थे?

क.श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ख. श्री गुरु नानक देव जी

ग. श्री गुरु अंगद देव जी घ. श्री गुरु अमरदास जी

2.श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व कब मनाया जाता है?

क.कार्तिक मास की पूर्णिमा को ख. सावन मास की पूर्णिमा को

ग. चैत्र मास की पूर्णिमा को घ. इनमें से कोई भी नहीं

3.सिक्ख धर्म के संस्थापक कौन थे?

क. श्री गुरु गोविंद सिंह जी ख. श्री गुरु नानक देव जी

ग. श्री गुरु अंगद देव जी घ. श्री गुरु अमरदास जी

4.नगर कीर्तन की अगुवाई कितने प्यारे करते हैं?

क.तीन ख. दो

ग.चार घ. पाँच

5.पंजाबी के 'ਹੰਮਲਾ' शब्द का हिंदी अनुवाद होगा :

क.अवसर ख.उत्साह

ग.संपन्न घ.बरबस

## उत्तर कुंजी

| प्रश्न संख्या | सही विकल्प |
|---|---|
| 1 | ख |
| 2 | क |
| 3 | ख |
| 4 | घ |
| 5 | ख |

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें:--

1. प्रभातफेरियाँ कब निकाली जाती हैं ?

उत्तर:- प्रभातफेरियाँ प्रातःकाल के समय निकाली जाती है।

2.प्रभातफेरियों में श्रद्धालु क्या करते हैं?

उत्तर:- प्रभातफेरियों में श्रद्धालु ढोलक तथा चिमटे बजाते हुए सबद उच्चारण करते हैं।

3.सभी लोग बिना भेदभाव के लंगर कहाँछकते हैं?

उत्तर:- सभी लोग बिना भेदभाव के पंगत में एक साथ बैठकर लंगरछकते हैं।

4.नगर कीर्तन कहाँ जाकर संपन्न होता है ?

उत्तर:- नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब में जाकर संपन्न होता है।

5.गुरुपर्व से कितने दिन पहले गुरुद्वारों में अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाता है ?

उत्तर:- गुरुपर्व से दो दिन पहले गुरुद्वारों में अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाता है।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन- चार वाक्यों में दें----

1. गुरुपर्व से पहले गुरुद्वारों में सफाई कैसे की जाती है ?

उत्तर:- गुरुपर्व पर सफाई का बड़ा ध्यान रखा जाता है और इस पर्व को सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए गुरुद्वारों में सभी ओर सफाई की जाती है। गुरुद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। इस पर्व पर सजावट को बहुत महत्व दिया जाता है।

2. प्रभातफेरियों का वर्णन अपने शब्दों में करें?

उत्तर:-गुरुपर्व से कुछ दिन पहले गुरुद्वारा समिति द्वारा प्रभातफेरियों का आयोजन किया जाता है।प्रभातफेरियाँ प्रातः काल के समय निकाली जाती हैं। प्रभातफेरियों में श्रद्धालु ढोलक तथा चिमटे बजाते हुए सबद उच्चारण करते हैं।

3. गुरुपर्व वाले दिन का वर्णन अपने शब्दों में करें ?

उत्तर:- गुरुपर्व वाले दिन अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाता है।रागी जत्थों द्वारा सबद उच्चारण के माध्यम से संगत को गुरु चरणों से जोड़ा जाता है। इस अवसर पर ‘गुरु के लंगर’ का अटूट वितरण किया जाता है। लोग बिना भेदभाव के पंगत में एक साथ बैठकर लंगर छकते हैं।

## पाठ : पिल्ले बिकाऊ हैं

1.दुकान के बाहर बोर्ड पर क्या लिखा है ?

क.पिल्ले टिकाऊ हैं    ख.पिल्ले बिकाऊ हैं

ग.पिल्ले बीमार हैं    घ.पिल्ले नाराज़ हैं

2.बच्चे के पास कुल कितनी राशि थी ?

क. दोरुपये और सैंतीस पैसे    ख.दो डॉलर और सैंतीस सेंट

ग.दस डॉलर    घ.दस रुपये

3.पिल्ले के शरीर का कौन-सा भाग टूटा हुआ था ?

क.टाँग    ख.फेफड़ा

ग.जिगर    घ.कूल्हा

4.दुकानदार को किसने बताया कि पिल्ले का कूल्हा टूटा हुआ है ?

क.लड़के ने    ख.ग्राहकों ने

ग.डॉक्टर ने    घ.पड़ोसी ने

5.दुकानदार के सीटी बजाने पर कौन-सी कुतिया दौड़ी आई ?

क.लैडी    ख.मैंडी

ग.रैडी    घ.कैंडी

6. 'सक्षम' शब्द का पर्यायवाची शब्द होगा :

क.असहाय    ख.समर्थ

ग.कमज़ोर    घ.निर्बल

7. 'सभी पिल्लों को तुम्हारे जैसा ही अच्छा मालिक मिले' वाक्य में से सर्वनाम शब्द छाँटें :

क.सभी    ख.अच्छा

ग.तुम्हारे    घ.मालिक

8. 'आँसुओं की धारा निकलनी' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

क.हँसना

ख.मुस्कराना

ग.रोना

घ.झगड़ना

9. 'आँखों में आँखें डालना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

क.आँखें चुराना

ख.आँखें मिलाना

ग.आँखें मलना

घ.आँखें निकालना

10. 'मैं कल बाज़ार गया' वाक्य में साए सर्वनाम शब्द चुनें।

क.मैं

ख.कल

ग.बाज़ार

घ.गया

## उत्तर कुंजी

| प्रश्न संख्या | सही विकल्प | प्रश्न संख्या | सही विकल्प |
|---|---|---|---|
| 1 | ख | 6 | ख |
| 2 | ख | 7 | ग |
| 3 | घ | 8 | ग |
| 4 | ग | 9 | ख |
| 5 | क | 10 | क |

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें:--

1. दुकानादार ने बोर्ड पर क्या लिखा था ?

उत्तर:-दुकानदार ने बोर्ड पर लिखा था 'पिल्ले बिकाऊ हैं'।

2. दुकानदार ने पिल्लों की क्या कीमत बताई ?

उत्तर:-दुकानदार ने पिल्लों की कीमत 30 से 50 डॉलर के बीच बताई।

3. लड़के की टाँग किस कारण खराब हुई थी ?

उत्तर:-लड़के की टाँग पोलियो के कारण खराब हुई थी।

4. अपाहिज पिल्ले के शरीर का कौन-सा भाग टूटा हुआ था ?

उत्तर:-अपाहिज पिल्ले का कूल्हा टूटा हुआ था।

5. बच्चे की जेब में कितनी राशि थी ?

उत्तर:-बच्चे की जेब में दो डॉलर और सैंतीस सैंट थे।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन- चार वक्यों में दें----

1.बच्चे ने अपाहिज पिल्ले को ही क्यों खरीदा ?

उत्तर:-बच्चे ने अपाहिज पिल्ले को ही इसलिए खरीदा क्योंकि उसकी अपनी टाँग भी पोलियो के कारण खराब थी। उसे लगा कि एक अपाहिज ही दूसरे अपाहिज के दु:ख को अच्छी तरह समझ सकता है।

2.कहानी की अंतिम पंक्ति में सच्चे मित्र की क्या विशेषता बताई गई है ?

उत्तर:-कहानी की अंतिम पंक्ति में बताया गया है कि सच्चा मित्र वही है जो उस समय काम आता है जब सारी दुनिया मुँह मोड़ लेती है।

## पाठ : रसोई का ताज : सब्जियाँ

1. एकांकी 'रसोई का ताज: सब्जियाँ' में बच्चों ने किसके मुखौटे पहने थे?

(क) सब्जियों के | (ख) दालों के

(ग) मेवों के | (घ) इनमें से कोई नहीं

2. समोसे, टिक्की, चाट पकौड़े और चिप्स के रूप में कौन जगत प्रसिद्ध है?

(क) मूली | (ख) बैंगन

(ग) प्याज | (घ) आलू

3. पत्थरी रोगियों को क्या नहीं खाना चाहिए?

(क) टमाटर | (ख) खीरा

(ग) मूली | (घ) पुदीना

4. दस्त लगने पर किसका रायता लाभकारी है?

(क) मूली का | (ख) करेले का

(ग) घीया का | (घ) बैंगन का

5. शूगर और पीलिया रोगियों के लिए किस का रस गुणकारी है?

(क) शलगम | (ख) करेला

(ग) मूली | (घ) घीया

6. मूली के सलाद में नींबू निचोड़ कर खाने से क्या होता है?

(क) खाना जल्दी पच जाता है | (ख) खाना हजम नहीं होता

(ग) दस्त लग जाते हैं | (घ) खाना स्वादिष्ट हो जाता है

7. उल्टियाँ, खट्टी डकारें आदि में क्या लाभकारी है?

(क) पुदीना | (ख) धनिया

(ग) मूली | (घ) इनमें से कोई नहीं

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

8. तुम्हें खा-खा कर तो लोगों का-----बढ़ रहा है।

(क) शरीर (ख) मोटापा

(ग) रक्तचाप (घ) इनमें से कोई भी नहीं

9. मेरा---- रंग सभी को लुभाता है।

(क) लाल-लाल (ख) पीला-पीला

(ग) काला-काला (घ) हरा-हरा

10. मेरा सूप----- बढ़ाने वाला है।

(क) मोटापा (ख) भूख

(ग) रंग (घ) लम्बाई

11. मुझे तलवों पर मलने से शरीर की------ दूर होती है।

(क) सर्दी (ख) पीड़ा

(ग) रोग (घ) गर्मी

12. मैं ----- शोधक हूँ।

(क) रक्त (ख) पीड़ा

(ग) गर्मी (घ) सर्दी

13. पंजाबी शब्द 'मिॅठा'का हिंदी रूप क्या होगा ?

(क) मीठा (ख) मिठास

(ग) मिठाई (घ)मिठा

14. 'घृणा प्रकट करना' के लिए किस मुहावरे का प्रयोग किया जाता है ?

(क) नाक दबाना (ख) नाक बहना

(ग) नाक रगड़ना (घ)नाक सिकोड़ना

15. 'सरलता से पचने वाला' के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(क) अपाच्य
(ख) सुपाच्य
(ग ) कुपाच्य
(घ)इनमें से कोई नहीं

16. पंजाबी शब्द 'वेड़ा' 'का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(क) कोड़ा
(ख) काढ़ा
(ग) कड़वा
(घ)कोरा

17. किस सब्जी के सिर पर ताज होता है ?

(क) बैंगन
(ख) आलू
(ग) प्याज़
(घ)घीया

18. 'रसोई का ताज सब्जियाँ' पाठ के लेखक का क्या नाम है ?

(क) बिमला देवी
(ख) श्याम लाल
(ग) डॉ. सुनील बहल
(घ)कमलेश भारती

## उत्तर कुंजी

| प्रश्न संख्या | सही विकल्प | प्रश्न संख्या | सही विकल्प |
|---|---|---|---|
| 1 | क | 10 | ख |
| 2 | घ | 11 | घ |
| 3 | क | 12 | क |
| 4 | ग | 13 | क |
| 5 | ग | 14 | घ |
| 6 | क | 15 | ख |
| 7 | क | 16 | ग |
| 8 | ख | 17 | क |
| 9 | क | 18 | ग |

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें:--

(1) आलू ने अपने किस रूप को पूर्ण आहार कहा?

उत्तर:- आलू ने अपने उबले हुए रूप को पूर्ण आहार कहा।

(2) टमाटर नेकिन रोगियों को अपना सेवन करने से मना किया है?

उत्तर:- टमाटर ने पत्थरी के रोगियों को अपना सेवन करने से मना किया है।

(3)घीया को शरीर के किस भाग पर मलने से शरीर की गर्मी दूर होती है?

उत्तर:-घीया को तलवों पर मलने से शरीर की गर्मी दूर होती है।

(4)पीलिया और शूगर के रोगियों के लिए किसका रस वरदान से कम नहीं है? पाठ के आधार पर बताएँ।

उत्तर:- पीलिया और शूगर के रोगियों के लिए करेले का रस वरदान से कम नहीं है।

(5)किस सब्जी के सिर पर ताज लगा होता है?

उत्तर:- बैंगन के सिर पर ताज लगा होता है।

(6)किस सब्जी ने कहा कि मुझ में लौह तत्व होता है?

उत्तर:- बैंगन ने कहा कि मुझ में लौह तत्व होता है।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन- चार वक्यों में दें----

(1) आलू ने अपने आप को सब्जियों का राजा क्यों कहा?

उत्तर:- आलू ने कहा कि मैं सभी सब्जियों के साथ घुल मिल जाता हूँ। मेरा किसी भी सब्जी के साथ कोई झगड़ा नहीं है और प्रत्येक सब्जी में मेरा उपयोग होता है।मेरा उबला हुआ रूप तो पूर्ण आहार है। सभी मुझे बहुत पसंद करते हैं। रायता, परांठा, समोसे, टिक्की, चाट, पकौड़े तथा चिप्स सभी लोकप्रिय हैं। इसलिए मैं सब्जियों का राजा हूँ।

**(2) टमाटर ने अपनी प्रशंसा कैसे की?**

**उत्तर:- टमाटर ने कहा:-`मुझे देखो! मेरा रूप कितना सुंदर है। मेरा लाल-लाल रंग सभी को लुभाता है। मैं जहाँ एक ओररक्त निर्माण करता हूँवहीं रक्त साफ करने में भी सहायक हूँ। मैं जिगर को मजबूत बनाता हूँ और भूख बढ़ाता हूँ।**

**(3) घीया को किन लोगों से शिकायत है? उसने अपने सेवन के क्या तरीके बताए?**

**उत्तर:-घीया को उन लोगों से शिकायत है जो उसे खरीदकर ले तो आते हैं लेकिन उनकी सब्जी खाने में नाक सिकोड़ते हैं। रायता,कोफते तथा हलवा के रूप में भी घीया का सेवन किया जा सकता है।**

## पाठ : पेड़ लगाओ

1. रिक्त स्थान भरो :

पेड़ों का जीवन में बड़ा ............. है।

(क) भय (ख) महत्व

(ग)मान (घ)धाक

2. जीवन के लिए क्या बहुत ज़रूरी है ?

(क) प्रदूषण (ख) लड़ना

(ग)हरियाली (घ)सुगन्ध

3. रिक्त स्थान भरो :

चलो खेत के मेंड सजाएँ .............. ।

(क) फूलों से (ख) शीशम से

(ग)पत्तों से (घ)रोशनी से

4. रिक्त स्थान भरो :

फुलवारी में .............. और ............. लगाओ

(क) नींबू, अनार (ख) आम, पपीता

(ग)बादाम, आलू (घ)ककड़ी, गेंहूँ

5. मानव ने हँसना किससे सीखा है ?

(क) फूलों से (ख) दुनिया से

(ग)पानी से (घ)हवा से

6. 'पेड़ लगाओ' कविता में कवि ने किसकी कमी की बात की है ?

(क) पेड़ों की (ख) धन की

(ग)कपड़ों की (घ)अपनों की

7. रिक्त स्थान भरो :

पेड़ .............. लेते हैं और ............. लुटाते हैं।

(क) हिसाब, धन (ख) पानी, हवा

(ग) दुर्गन्ध, सुगन्ध (घ)इनमें से कोई नहीं

8. पंजाबी के 'ਪਰਮਾਤਮਾ 'शब्द का शुद्ध हिंदी रूप चुनें :

(क) मानव (ख) पराया

(ग) ईश्वर (घ) मनुष्य

9. पंजाबी के 'ਬਦਬੂ 'शब्द का शुद्ध हिंदी रूप चुनें :

(क) हरियाली (ख) बोध

(ग) सुगन्ध (घ) दुर्गन्ध

10. यदि धरती पर पेड़ बहुत कम हो जाएँ तो क्या होगा ?

(क) प्रदूषण बढ़ेगा (ख) जीवन बढ़िया होगा

(ग)प्रकाश बढ़ेगा (घ)खुशहाली बढ़ेगी

11. 'मैं एक पेड़ हूँ' वाक्य में से सर्वनाव शब्द चुनें :

(क) मैं (ख) एक

(ग)पेड़ (घ)हूँ

12. निम्नलिखित में से शुद्ध रूप चुनें :

(क) हसना (ख) हंसना

(ग) हँसना (घ) हस्सणा

13. निम्नलिखित में से शुद्ध रूप चुनें :

(क) जरूरी (ख) ज़रूरी

(ग) जारूरी (घ) जरुरी

14. 'धरती हमारी माता है' वाक्य में से सर्वनाव शब्द चुनें :

(क) धरती (ख) हमारी

(ग) माता (घ) है

## उत्तर कुंजी

| प्रश्न संख्या | सही विकल्प | प्रश्न संख्या | सही विकल्प |
|---|---|---|---|
| 1 | ख | 8 | ग |
| 2 | ग | 9 | घ |
| 3 | ख | 10 | क |
| 4 | क | 11 | क |
| 5 | क | 12 | ग |
| 6 | क | 13 | ख |
| 7 | ग | 14 | ख |

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें:--

1. कवि के अनुसार जीवन के लिए क्या ज़रूरी है ?

उत्तर : कवि के अनुसार जीवन के लिए हरियाली ज़रूरी है।

2. कवि के अनुसार मानव ने हँसना किससे सीखा है ?

उत्तर : कवि के अनुसार मानव ने हँसना फूलों से सीखा है ।

3. कवि ने खेत की मेंडों पर कौन-से पेड़ लगाने को कहा है ?

उत्तर : कवि ने खेत की मेंडों पर शीशम के पेड़ लगाने को कहा है ।

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन- चार वक्यों में दें----

**1. 'पेड़ लगाओ' कविता के अनुसार मानव ने प्रकृति से क्या-क्या सीखा है ?**

**उत्तर : 'पेड़ लगाओ'कविता के अनुसार मानव ने पेड़ों से बहुत कुछ सीखा है। उसने फूलों से हँसना सीखा है। फलों की मिठास से उसे रस का बोध हुआ है और पेड़ों ने ही मानव को परोपकार सिखाया है।**

**1. पेड़ हमें क्या देते हैं ? सूची बनाओ।**

**उत्तर : 1. पेड़ हमें साफ वायु देते हैं।**

**2. पेड़ हमें लकड़ी देते हैं।**

**3. पेड़ हमें फल और फूल देते हैं।**

**4. पेड़ों से हमें बहुत-सी औषधियाँ प्राप्त होती हैं।**

# ज़रूरी काम के कारण अवकाश लेने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखें

सेवा में

मुख्याध्यापक जी

सरकारी हाई स्कूल

........................नगर।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके स्कूल में छठी कक्षा काछात्र हूँ। आज मुझे घर पर एक बहुत जरूरी काम है जिस कारण मैं आज स्कूल नहीं आ सकता। कृपया मुझे एक दिन की छुट्टी प्रदान करें। मैं आप जी का सदैव आभारी रहूँगा।

धन्यवाद।

आप जी का आज्ञाकारी शिष्य,

नाम :

रोल नंबर :

दिनांक :

# जुर्माना माफी के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक जी को प्रार्थना पत्र लिखें

सेवा में

मुख्याध्यापक जी

सरकारी हाई स्कूल

.........................नगर।

श्रीमान जी,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके स्कूल में छठी कक्षा का छात्र हूँ।पिछले मंगलवार को हमारी कक्षा की हिंदी की मासिक परीक्षा हुई थी। उस दिन बहुत वर्षा हो रही थी और मैं कक्षा में उपस्थित नहीं हो सका।इस कारण मेरे अध्यापक ने मुझे 100 रुपए का जुर्माना लगा दिया। मैं यह जुर्माना देने में असमर्थ हूँ। कृपया आप मेरा यह जुर्माना माफ कर दें। मैं आपका सदैव आभारी रहूंगा।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,

नाम :

रोल नंबर :

दिनांक :

# निबंध

## स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान की शुरुआत सरकार ने देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए की है ।महात्मा गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिस के संदर्भ में गांधी जी ने कहा कि “स्वच्छता स्वतंत्रतासे ज्यादा जरूरी है”। स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्वच्छता मुहिम है जो भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है। इसके तहत 4041 नगरों के सड़क, पैदल मार्ग और अन्य कई स्थल आते हैं।यह एक बड़ा आंदोलन है जिसके तहत भारत को 2019 तक पूर्णत: स्वस्थ बनाने की बात कही गई थी ।इस मिशन को 2 अक्टूबर 2014(145वींवर्षगांठ) को बापू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आरंभ किया गया था और 2 अक्टूबर 2019 (150वीं वर्षगांठ)तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह बेहद जरूरी है कि भारत के हर घर में शौचालय हो, साथ ही खुले में शौच की प्रवृत्ति को भी खत्म करने की आवश्यकता है, नगर निगम के कचरे का पुनर्चक्रण और द्वारा इस्तेमाल, सुरक्षित समापन, वैज्ञानिक तरीके से मल प्रबंधन को लागू करना। खुद के स्वास्थ्य के प्रति भारत के लोगों की सोच और स्वभाव में परिवर्तन लाना और साफ-सफाई की प्रक्रियाओं का पालन करना। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में वैश्विक जागरूकता लाने के लिए और सामान्य लोगों को स्वास्थ्य से जोड़ने के लिए। इनमें काम करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर कचरे के निष्पादन का नियंत्रण करना, खाका तैयार करने के लिए मदद करना। पूरे भारत में साफ सफाई की सुविधा को विकसित करने के लिए निजी क्षेत्रों की हिस्सेदारी को बढ़ाना। भारत को स्वच्छ व हरियाली युक्त बनाना। ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना। हम कह सकते हैं कि इस वर्ष के हमारे लक्ष्य में हम काफी हदतक सफल हो गए हैं। हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि अगर भारत की जनता प्रभावी रूप से इसका अनुसरण करें तो आने वाले समय में स्वच्छ भारत अभियान से पूरा देश भगवान का निवास स्थल बन जाएगा।